# हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत चार की मौत

**शिवपुरी, 11 अप्रैल. जिलें में मुर्गी दाना से भरा ट्रक सड़क किनारे खड़े ऑटो पर पलट गया.हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत चार लोगों की मौत हो गई.घटना सिरसौद थाना क्षेत्र के टोंगरा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार दोपहर हुई.**





जानकारी के अनुसार, तेंदुआ थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव निवासी वीरेंद्र शाक्य (25) की शादी शुक्रवार को शिवपुरी की संजय कॉलोनी निवासी राजेश्वरी शाक्य से हुई थी.

दोनों ने संजय कॉलोनी के एक मंदिर में परिवार की मौजूदगी में विवाह किया था.शनिवार को शादी के बाद दूल्हा-दुल्हन, दूल्हे की मां अन्वेश शाक्य (50), भाभी राजो शाक्य (22) बहन भूरिया शाक्य (19) ड्राइवर के साथ ऑटो से राजगढ़ गांव के लिए रवाना हुए थे.टोंगरा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास रिक्शा ड्राइवर ने वाहन खड़ा किया था.इस दौरान ड्राइवर और दूल्हे की बहन पास की दुकान पर चले गए थे.तभी मुर्गी दाना से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो पर पलट गया.ऑटो में बैठे दूल्हा-दुल्हन, दूल्हे की मां और भाभी ट्रक के नीचे दब गए. दबे लोगों को निकालने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी.करीब आधे घंटे बाद सभी को निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया.

## कार की टक्कर से दो भाइयों मौत

**पांढुरना, 11 अप्रैल. नगर के घनपेठ बायपास के पास भोपाल की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई.**



पुलिस सूत्रों के अनुसार, नागपुर से भोपाल की ओर जा रही तेज रफ्तार कार (क्रमांक एमएच 01 डीटी 1519) ने घनपेठ बायपास पर बाइक सवार युवकों को रौंद दिया.हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया.

मृतकों की पहचान पांढुरना नगर के भवानी वार्ड निवासी प्रकाश शंकर आप्पा जुननकर और अनिल शंकर आप्पा जुननकर के रूप में हुई है.दोनों सगे भाई थे और घर से खेत की ओर जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया.

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को नगर के शासकीय अस्पताल भिजवाया.पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.



## चलती ट्रेन पकड़ने में फिसला पैर, युवक के हुए दो टुकड़े

▸ रेलवे स्टेशन पर रूह कंपा देने वाला हादसा, सीसीटीवी में कैद पूरी घटना

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 4 पर शुक्रवार दोपहर करीब 2:35 बजे एक दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई। चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास के दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। पूरी घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12904 गोल्डन टेंपल मेल के रवाना होते समय एक व्यक्ति जल्दबाजी में चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान दाऊद अयाज बेग (40) निवासी जोगी नवादा, बरेली (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। बताया गया कि वह परिवार के साथ महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मुंब्रा क्षेत्र में रहता था और कैटरिंग व इवेंट मैनेजमेंट का कार्य करता था। वह दिल्ली से लौटकर मुंबई जाने के लिए ट्रेन पकड़ रहा था।

सूचना मिलते ही आरपीएफ के एसआई गवेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे। स्टेशन मास्टर और प्लेटफार्म स्टाफ भी मौजूद रहा। घटना के बाद ट्रेन को एसीपी में खड़ा किया गया और आवश्यक प्रक्रिया के बाद रवाना किया गया। ट्रेन के जाने के बाद ट्रैक पर शव दो हिस्सों में पड़ा मिला। मृतक के पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जबकि मौके पर कोई टिकट नहीं मिला। बाद में यात्रियों की सूचना पर प्लेटफार्म से उसका ट्रॉली बैग और एक अन्य बैग बरामद किया गया, जिसमें कपड़े, आधार कार्ड और करीब 4 लाख रुपये नकद मिले।

जीआरपी के हेड कांस्टेबल मनोज चौधरी और बाबूलाल लोने ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जीआरपी के अनुसार प्रारंभिक जांच और सीसीटीवी फुटेज में सामने आया है कि हादसा मृतक की लापरवाही के कारण हुआ। मामले में मर्ग कायम कर जांच जारी है।

### एक नजर में



#### डिनर में दिया मिर्जा सहित कई हस्तियां हुईं शामिल

**ग्वालियर, 11 अप्रैल.** जयविलास महल में महारानी प्रियदर्शिनी राजे द्वारा दिए गए शाही डिनर में दिया मिर्जा और अदिति राव जैसी सेलिब्रिटी शामिल हुईं.देर रात तक महल में इन हस्तियों का जमावड़ा रहा.इन्होंने महारानी द्वारा तैयार की विशेष थाली का जायका लिया.युवराज आर्यमन ने मराठी व्यंजन परोसे.रॉब रिपोर्ट पैलेस प्रिवी का दो दिवसीय इवेंट जय विलास पैलेस ग्वालियर में आयोजित किया गया था.सह-मेजबानी प्रियदर्शिनी राजे और महानआर्यमन सिंधिया ने की.इसमें अदिति राव हैदरी, सिद्धार्थ, दीया मिर्जा, सयानी गुप्ता, गुनीत मोंगा, राहुल मिश्रा, फाल्गुनी पीकॉक, जोरावर कालरा, नायब मिधा और अन्य प्रसिद्ध हस्तियों ने भाग लिया.

#### अतिक्रमण हटाने गई पुलिस पर पथराव

**सतना.** सतना के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित डालीबाबा इलाके में शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान हालात अचानक बेकाबू हो गए। नगर निगम की टीम जैसे ही अवैध कब्जा हटाने पहुंची, कुछ लोगों ने प्रशासनिक अमले पर पथराव शुरू कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई. इस दौरान एसडीएम राहुल सिलाडिया और थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी बाल-बाल बच गए. जानकारी के अनुसार, निजी जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की थी। जेसीबी से तोड़फोड़ शुरू होते ही आसपास के मकानों की आड़ लेकर उपद्रवियों ने पत्थरबाजी कर दी। पथराव इतना तेज था कि अधिकारी और कर्मचारी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने को मजबूर हो गए.

। स्थिति बिगड़ते देख भारी पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया। हालात काबू में करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और हवाई फायरिंग भी की, जिसके बाद स्थिति धीरे-धीरे नियंत्रित हुई।

## हत्या मामले में आजीवन कारावास

**नीमच,11 अप्रैल.** जिले में बहुचर्चित हत्या मामले में न्यायालय ने कड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी कमलेश उर्फ कमल प्रजापत को आजीवन कारावास और 5000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है. यह निर्णय 10 अप्रैल 2026 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा सुनाया गया, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिला है. जिला लोक अभियोजन कार्यालय द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, घटना 31 जुलाई 2023 की रात की है, जब ग्राम महुडिया निवासी रमेश अपने घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे.

परिजनों द्वारा तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला, जिसके बाद 1 अगस्त 2023 को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई. जांच के दौरान मामला हत्या में तब्दील हो गया, जब रमेश का शव गांव के ही एक खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला. पुलिस और जांच एजेंसियों ने साक्ष्य जुटाते हुए मामले की गहराई से पड़ताल की. जांच में सामने आया कि आरोपी कमलेश उर्फ कमल ने पुरानी रंजिश के चलते रमेश की बेरहमी से हत्या की थी. मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 302 के तहत प्रकरण दर्ज किया .

## तीन साल में 33 लाख वसूल चुके ठग

**शाजापुर, 11 अप्रैल. कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले एक बुजुर्ग ने ब्लैकमेलरों का शिकार होकर 33 लाख रूपये गंवा दिए हैं, लेकिन फिर भी उनकी मांग बढ़ती जा रही है. अब वे बुजुर्ग से 20 लाख रूपये और मांग रहे हैं, और न देने पर जान से मारने व बदनाम करने की धमकी दे रहे हैं.**

पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. ब्लैकमेलरों का शिकार हुए रमेशचंद्र ने पुलिस को बताया कि पार्वती बैरागी, राजेंद्र बैरागी, शरद बैरागी और संजना बैरागी ने उन्हें लगातार ब्लैकमेल कर भारी रकम वसूली. यह सिलसिला वर्ष 2023 में शिव मंदिर भरड़ में पार्वती बैरागी से मुलाकात के बाद शुरू हुआ. पार्वती ने उनसे संपर्क बढ़ाया और धीरे धीरे बातचीत करने लगी.

इसके बाद वह व्हाट्सएप वीडियो काल के माध्यम से रमेशचंद्र से बात की ओर उस बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया और इस रिकार्डिंग के आधार पर उन्हें बदनाम करने और बलात्कार के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दे रही है. बदनामी के डर से रमेशचंद्र ने पहले 5 हजार रुपये दिए, लेकिन आरोपियों ने बार बार रकम की मांग जारी रखी. फरियादी ने बताया कि अलग अलग समय पर उनसे लाखों रुपये वसूले. जिसमें 5 लाख और 7 लाख सहित कई किस्तों में कुल लगभग 33 लाख रुपये शामिल हैं. आरोपियों ने रमेशचंद्र से कई शपथ पत्रों पर भी हस्ताक्षर करवाए, जिनकी जानकारी उन्हें नहीं दी गई. शिकायत में यह भी बताया गया है कि आरोपी लगातार फोन कर और अधिक राशि की मांग कर रहे हैं.

## मंत्री ने जोनल अफसर को बताया नालायक

**ग्वालियर. प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नारायणसिंह कुशवाह भूमिपूजन कार्यक्रम के बीच अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर भड़क गये.वार्ड 52 में आयोजित कार्यक्रम में नगरनिगम का कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा, भूमिपूजन स्थल पर सिर्फ एक पम्प ऑपरेटर मिला था.**




नाराज मंत्री भूमिपूजनस्थल से ही निगमायुक्त संघप्रिय को फोन कर बोले कि एक मंत्री लेवल का व्यक्ति बैठा है और यहां कोई अधिकारी नहीं है.यह सीधी बेइज्जती है.मंत्री के फोन के बाद निगमायुक्त ने जोनल अधिकारी सौरभ शाक्य को तुरंत निलंबित कर दिया है.

निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय जनकार्य विभाग रहेगा जबकि अतिरिक्त प्रभार उपयंत्री बृजेश राजपूत को सौंपा गया है. मंत्री नारायणसिंह ने कमिश्नर से कहा कि यह क्या मजाक है यहां सिर्फ पम्प ऑपरेटर खड़ा है.जोनल अधिकारी को तत्काल हटाइये.नहीं हटा सकते तो मुझे बताइये, मैं आपसे बात नहीं करूंगा.उन्होंने कहा ''वह नालायक है, पहले भी बता चुका हूं. '' जांच में सामने आया है कि जोन अधिकारी को लेकर कई शिकायतें मिली थी.यह आरोप है कि हेल्पलाइन की शिकायत का समय पर समाधान नहीं किया.वार्ड-55 में बिना अनुमति सड़क खुदाई पर कार्यवाही नहीं की.क्षेत्र का नियमित निरीक्षण नहीं किया.भूमिपूजन की पूर्व सूचना के बावजूद वह कार्यक्रम में अनुपस्थित रहा.

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ीं सड़कें 65 लाख का गबन

▸ ईओडब्ल्यू ने 5 पर दर्ज की एफआईआर

**जबलपुर, 11 अप्रैल. नरसिंहपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और ग्रामीण विकास प्राधिकरण के अंतर्गत हुए सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है.आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर (ईओडब्ल्यू) ने घटिया सड़क निर्माण और सरकारी खजाने को चूना लगा 65 लाख का गबन करने के आरोप में तत्कालीन महाप्रबंधक (सहायक प्रबंधक और लेखा अधिकारी समेत ठेकेदारों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है.**




जानकारी के मुताबिक ग्वालियर निवासी हेमंत खरे ने जबलपुर ईओडब्ल्यू में शिकायत कर आरोप लगाया गया था कि नरसिंहपुर जिले में मानकों को ताक पर रखकर सड़कों का निर्माण किया जा रहा है और शासकीय राशि का खुलेआम गबन हो रहा है.ईओडब्ल्यू द्वारा की गई तकनीकी जाँच में शिकायत के तथ्य सही पाए गए. जाँच में केवल निर्माण ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक भ्रष्टाचार भी सामने आया है.सड़क निरीक्षण के लिए उपयोग किए गए वाहन के नाम पर 5.50 लाख रुपये का अवैध भुगतान किया गया.इस गबन के लिए तत्कालीन महाप्रबंधक विष्णु कुमार टेंटवाल और लेखा अधिकारी अनिल वासनिक को सीधे तौर पर दोषी पाया गया है.

### मानकों को दरकिनार कर बनीं सड़कें

जाँच में पाया गया कि जनवरी 2023 के दौरान हुए भारी अनियमितता बरती गई.कोडिया से लिलवानी एवं गाडरवारा-तेन्दूखेड़ा रोड से लिलवानी मार्ग, गोटीटोरिया से सिंगपुर रोड सडक़ों के निर्माण में उपयोग की गई सामग्री के सैंपल लैब टेस्ट में फेल हो गए .तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने पाया कि सड़कों का निर्माण बेहद घटिया स्तर का था, जो कि निर्धारित मानकों के विपरीत था .

### शुभ मोटर्स ने किया करोड़ों का गड़बड़झाला

जबलपुर .मदन महल स्थित शुभ मोटर्स में केंद्रीय जीएसटी, जबलपुर के एंटी-इवेजन टीम ने गुरूवार को छापेमारी की .कार्रवाई दूसरे दिन शुक्रवार को भी चली .टीमों ने दस्तावेजों, स्टॉक की जांच पड़ताल की .दस्तावेजों के क्रय-विक्रय और काम के विवरण में भारी अनियमितताएं उजागर हुई .दो दिन चली जांच के साथ सर्चिंग, खंगाले गए रिकॉर्ड में करोड़ों का गड़बड़झाला सामने आया है .प्राथमिक जांच में करोड़ों की जीएसटी ना चुकाने गड़बड़ी की बात सामने आई है .

## बेटी के निकाह की खुशियां मातम में बदलीं

### जंगली जानवर से टकराई दंपती की बाइक, पत्नी की मौत

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जिले में एक दर्दनाक हादसे ने खुशियों भरे घर को गम में बदल दिया। बेटी के निकाह का निमंत्रण बांटकर लौट रहे दंपती की बाइक जंगली जानवर से टकरा गई, जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, चारखेड़ा निवासी अयूब खान (45) अपनी पत्नी बिलकिस खान (40) के साथ शेखपुरा क्षेत्र में रिश्तेदारों को निकाह का कार्ड देने गए थे। शुक्रवार को लौटते समय अचानक सड़क पार कर रहे जंगली जानवर से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में बिलकिस के सिर में गंभीर चोट आई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अयूब खान घायल हो गए।घायल अयूब खान का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।13 अप्रैल को होना था निकाह, तारीख निरस्तपरिजनों ने बताया कि अयूब खान की बेटी का निकाह 13 अप्रैल को होना था और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। पूरा परिवार निमंत्रण बांटने में जुटा था, लेकिन इस हादसे के बाद परिवार ने फिलहाल निकाह की तारीख निरस्त कर दी है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।



## शराब दुकान शुरू करने की खबर से आक्रोश

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहीद चौक के समीप आबकारी रोड स्थित लोहा बिल्डिंग क्षेत्र में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर विरोध तेज हो गया है। दुकान खुलने की जानकारी मिलते ही स्थानीय निवासियों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने सड़क पर उतरकर चक्का जाम कर दिया। क्षेत्रवासियों के अनुसार विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि लोहा बिल्डिंग के पास जल्द ही शराब दुकान शुरू की जा सकती है। इस खबर के बाद लोगों में नाराजगी बढ़ गई। उनका कहना है कि क्षेत्र में 'इंडिया गेट' जैसे महत्वपूर्ण स्थल मौजूद हैं, जहां लगातार सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक गतिविधियां होती रहती हैं। निवासियों ने आशंका जताई कि शराब दुकान खुलने से क्षेत्र का माहौल प्रभावित होगा और असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ेगी। साथ ही, यह मार्ग शहर का प्रमुख और व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां पहले से ही यातायात का दबाव है, ऐसे में दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ सकती है। क्षेत्र के लोगों ने इसे अपनी सामाजिक और धार्मिक भावनाओं के विपरीत बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। चक्का जाम की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे.




### नागरिकों ने ज्ञापन सौंपा

विरोध के बीच क्षेत्रवासियों ने शेख इरफान उद्दीन के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इसकी प्रतियां मुख्यमंत्री, पुलिस अधीक्षक और माणक चौक थाना प्रभारी को भी भेजी गई हैं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि प्रशासन ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया, तो गांधीवादी तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

## चीतों के लिए तैयार हो रहा नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य

▸ 5500 वर्ग किमी में फैला है

**ग्वालियर, 11 अप्रैल.** कूनो नेशनल पार्क देश में चीतों का प्रमुख प्रजनन केंद्र बन गया है.पिछले तीन वर्षों में यहां 45 शावकों का जन्म हुआ, जिनमें से 33 जीवित हैं.वर्तमान में पार्क में कुल 50 चीते हैं, लेकिन खुले जंगल में केवल 12 ही सक्रिय हैं.23 शावक अपनी 6 माताओं के साथ बाड़ों में हैं, जबकि 9 चीते क्वारंटाइन में रखे गए हैं.



इस बीच कुछ चीतों को नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य भेजने की तैयारी है.शुरुआती चरण में 2 नर और 2 मादा चीतों को जून में टीकाकरण के बाद शिफ्ट किया जाएगा.मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नौरादेही को तीसरा चीता आवास बनाने की घोषणा कर चुके हैं.अंतिम निर्णय चीता स्टीयरिंग समिति लेगी.वर्तमान में देश में चीतों की कुल संख्या 53 हो चुकी है. नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य लगभग 5500 वर्ग किमी में फैला प्रदेश का सबसे बड़ा वन्यजीव अभयारण्य है.

**फैसला** ▸ आदेश अंतिम निर्णय तक प्रभावी रहेगा भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा पर खतरा बताया

## नवचंडी मेला जमीन पर दुकान निर्माण पर हाईकोर्ट की रोक, ननि को झटका

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ ने खंडवा स्थित नवचंडी माता मंदिर की मेला भूमि (5.05 एकड़) पर नगर निगम द्वारा किए जा रहे दुकानों के निर्माण पर अंतरिम रोक लगा दी है।**



न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने 8 अप्रैल को जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि बाउंड्रीवॉल और सड़क के बीच किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मेला भूमि को श्रद्धालुओं की सुरक्षा, पार्किंग, अग्निशमन और पुलिस व्यवस्था के लिए खाली रखा जाना आवश्यक है। यह आदेश अंतिम निर्णय तक प्रभावी रहेगा भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा पर खतरा बताया याचिकाकर्ता मीना वर्मा ने निर्माण को जनहित के विरुद्ध बताते हुए चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान नगर निगम ने भी स्वीकार किया कि भूमि मेला आयोजन के लिए आरक्षित है। कोर्ट ने रिकॉर्ड और प्रस्तुत तस्वीरों के आधार पर माना कि निर्माण से भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन सेवाएं प्रभावित होंगी, जो श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए खतरा है। मेला संचालन को लेकर विवाद नवचंडी मेले का संचालन वर्षों से परंपरागत रूप से महंत बाबा गंगाराम द्वारा किया जाता रहा है, लेकिन पिछले दो वर्षों से नगर निगम ने इसका संचालन अपने हाथ में ले लिया है। इसी दौरान मेला भूमि पर दुकानों के निर्माण को लेकर विवाद बढ़ा और विरोध प्रदर्शन भी हुए।

### प्रशासनिक फैसलों पर सवाल खड़े हो गए

विरोध के बावजूद जारी था निर्माण स्थानीय विरोध और प्रदर्शन के बावजूद नगर निगम द्वारा निर्माण कार्य जारी रखा गया था। अब हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद निर्माण पर पूरी तरह रोक लग गई है, जिससे प्रशासनिक फैसलों पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## असम में कांग्रेस की सरकार बनेगी

▸ अशोक सिंह का दावा - 5 राज्यों में सरकार बनेगी

**ग्वालियर, 11 अप्रैल. एआईसीसी के ऑब्जर्वर एवं राज्यसभा सांसद अशोक सिंह ने दावा किया है कि असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी. उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजे जाने के बाद नए मुख्यमंत्री के मुद्दे पर भी टिप्पणी की है.**



अशोक सिंह के अनुसार पांचों राज्यों में 'इंडिया' गठबंधन की सरकारें बनने जा रही हैं. उन्होंने विशेष रूप से कहा कि पुडुचेरी, तमिलनाडु और असम में कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी. तमिलनाडु में कांग्रेस का द्रमुक के साथ गठबंधन है, जहां उनकी सरकार बन रही है.

उन्होंने असम में कांग्रेस की जीत का कारण बताते हुए कहा कि राज्य सरकार के भ्रष्टाचार और मुख्यमंत्री की 'बदजुबानी' से वहां की जनता नाराज है. सिंह ने मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी जैसे नेताओं के खिलाफ की गई टिप्पणियों का जिक्र करते हुए कहा कि जनता भाजपा को हराकर इसका जवाब देगी. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चुनाव नतीजों में एक मजबूत कांग्रेस सरकार बनेगी.

असम में बड़े बदलाव की उम्मीद जताते हुए सिंह ने नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजे जाने के बाद बिहार में नए मुख्यमंत्री के चेहरे पर भी बात की . उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति आने वाले दिनों में कई राज्यों में देखने को मिलेगी . सिंह ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी जिस भी क्षेत्रीय दल के साथ गठबंधन करती है, उसका अंत निश्चित होता है .